13.09 hrs.

Title: Reported Caricatures of Prophet Mohammad and Hazrat Abu Bakar Sidiqu appearing in the newspaper 'Hindu'.

श्री अली मोहम्मद नायक (अनंतनाग) : जनाब डिप्टी स्पीकर साहब, इस महीने की 26 तारीख को "हिन्दू" अखबार में हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.) और उनके साहबी हजरत अबू बकर सिद्दीक के कई फोटो छापे गए हैं। हालांकि यह अखबार एक मुतब्बर अखबार है। इससे मुसलमानों के जजबात बड़े जबर्दस्त मजरू हुए। कई मुसलमान इस चीज को पसन्द नहीं करते हैं। वह बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं कि उनके पैगम्बर और उनके साहबी के बारे में फोटो या कैरिकेचर अखबार में छाप दिए जाएं।

मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या हुकूमते सैंट्रल की नज़रों में यह अखबार आया है, यदि आया है तो इस पर आपने क्या इंतज़ामात किये हैं। यह सही है कि हिन्दुस्तान में अखबारों को लिखने की आज़ादी है लेकिन उस लिखने पर कोई इज़ाजत नहीं होनी चाहिये जिस से किसी भी मज़हब को मानने वालों के जज़बात मजरू हों। इसलिये मैं गवर्नमेंट से जानना चाहता हूं कि इस मामले में क्या एक्शन लिया है। अगर नहीं लिया है तो यह एक्शन कब लेने जा रहे हैं ? This is a very important matter. I would like to know what the Government of India wants to do.

श्री सईदुज्जमा (मुजफ्फ़रनगर) : जनाब डिप्टी स्पीकर साहब, अखबारों में पैगम्बर हज़रत मोहम्मद के बारे में इस तरह से आया हैâ€¦ (व्यवधान)

श्री अली मोहम्मद नायक : डिप्टी स्पीकर साहब, हिन्दुस्तान में करोड़ों मुसलमान रहते हैं, उनके जज़बात का एहतराम किया जाना चाहिये। इस बात से न सिर्फ हिन्दुस्तान के मुसलमानों बल्कि दुनिया के मुसलमानों के जज़बात मजरू हुये हैं। इस पर गवर्नमेंट क्या करना चाहती है, यह मैं जानना चाहता हूं। It is very important issue. This will create law and order problems throughout India. I would like to know from the Government what they want to do in this regard.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He has already said that he would convey it to the Minister concerned.

SHRI ALI MOHD. NAIK : The Minister could have said that he would look into the matter and take appropriate action.

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोा कुमार गंगवार) : उपाध्यक्ष जी, अभी जो मामला अली साहब ने उठाया है, उस पर तुरंत टिप्पणी करना आवश्यक नहीं हो पाता। यदि संबंधित मंत्री यहां होते तो उनके संज्ञान में आ जाता। अब संबंधित मंत्री के संज्ञान में यह विष ाय ला दिया जायेगा। इससे पहले ममता जी ने जो विाय उठाया है, निश्चित रूप से संबंधित मंत्री के संज्ञान में लाकर कार्यवाही की जा सकेगी।

SHRI ALI MOHD. NAIK : The Minister could have said that he would look into the matter and take appropriate action.